Publish on 10/11/2022

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

#मॉडल_स्टेट_राजस्थान

सुझाव आमंत्रित

युवाओं एवं विद्यार्थियों को समर्पित बजट 2023-24

"युवा देश और प्रदेश की प्रगति का आधार हैं। युवाओं की रचनात्मक सोच, ऊर्जा एवं क्षमता से देश के विकास को नए आयाम दिए जा सकते हैं। राजस्थान सरकार युवाओं की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास तथा रोजगार के लिए ऐतिहासिक फैसले ले रही है। मुख्यमंत्री युवा संबल योजना, डिजी फेस्ट, राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक, राजीव गांधी सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी, राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस जैसे निर्णय इस दिशा में बड़े कदम हैं। अब एक कदम और बढ़ाते हुए आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट युवा वर्ग को समर्पित करने का निर्णय लिया गया है। आपके सुझाव बजट निर्माण में हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। गत बजट के लिए भी लगभग 45 हजार सुझाव प्राप्त हुए थे। आप सबके सुझाव आमंत्रित हैं।"

अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री, राजस्थान

आप अपने सुझाव वित्त विभाग की वेबसाइट https://finance.rajasthan.gov.in पर बजट सुझाव के लिए उपलब्ध लिंक पर जाकर या कार्यालय निदेशक (बजट), वित्त विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर-302005 को दिनांक 31 दिसम्बर 2022 तक दे सकते हैं।

वित्त विभाग, राजस्थान सरकार

राजस्थान संवाद

राजस्थान सरकार
वित्त विभाग
(आय–व्ययक अनुभाग)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

विषय :– ऑनलाईन प्राप्त बजट सुझाव वर्ष 2023–24

माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा आगामी राज्य बजट वर्ष 2023–24 हेतु आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नागरिकों/संगठनों आदि से वित्त विभाग की वेबसाईट पर बजट सुझाव प्राप्त किये जा रहे हैं।

ऑनलाईन प्राप्त बजट सुझाव वित्त (कम्प्यूटर सैल) विभाग द्वारा संबंधित प्रशासनिक विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिवों को संलग्न सूची अनुसार उनकी विभागीय e-mail ID पर अग्रेषित किये जायेंगे। विभागीय e-mail ID में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर तकनीकी निदेशक, वित्त (कम्प्यूटर सैल) से संपर्क किया जा सकता है।

अतः अनुरोध है कि इस विभाग द्वारा ऑनलाईन प्रेषित बजट सुझावों का परीक्षण कर विभागीय टिप्पणी शीघ्र तकनीकी निदेशक, वित्त (कम्प्यूटर सैल) विभाग की e-mail ID rajfd@rajasthan.gov.in पर भिजवाने का श्रम करावें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

Sd/-
(रोहित गुप्ता)
शासन सचिव, वित्त (बजट)

अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव,
....

अ.शा.टीप प.10(4)वित्त1(1) आय–व्य./2022
जयपुर, दिनांक : 22-11-2022

प्रतिलिपि :– तकनीकी निदेशक, वित्त (कम्प्यूटर सैल) विभाग को उनकी अ.शा. टीप क्रमांक F.67(10)FD/Comp/2022 दिनांक 11.11.2022 के क्रम में सूचनार्थ।

शासन उप सचिव, वित्त (बजट)

Room No. 5124, First Floor, Main Building, Government Secretariat, Jaipur (Raj.)- 302005
Phone No. 0141-2227791www. finance.rajasthan.gov.inE-mail - dsfbudget@rajasthan.gov.in

इस वित्तीय वर्ष के लिए यह प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। आपके बहुमुल्य सुझाव लेने की प्रक्रिया पुनः प्रारम्भ की जाएगी।